# आजा श्याम शरण में | By Rajan Das

कोई जब ना दे साथ, थाम ले इनका हाथ
तुझे गिरने ना देगा आके लेगा ये संभाल
आजा शरण में, तू आजा श्याम शरण में
तू आजा श्याम शरण में, तू आजा श्याम शरण में

जब जब भीड़ पड़ी भक्तों पर इसने दिए सहारे हैं
जब जब नैया भवर में अटकी इसने लगाए किनारे हैं
करना इनका विश्वास, ये ना करते निराश
तुझे गिरने ना देगा आके लेगा ये संभाल
आजा शरण में, तू आजा श्याम शरण में
तू आजा श्याम शरण में, तू आजा श्याम शरण में

गज गणिका गिद्ध अजामिल तर गए
कर के भरोसा गिरधर पर
कर्मा नरसी नानी मीरा, जिनका भरोसा था गिरधर
इनपे करके विश्वास, कटते चौरासी के फांस
तुझे गिरने ना देगा आके लेगा ये संभाल
आजा शरण में, तू आजा श्याम शरण में
तू आजा श्याम शरण में, तू आजा श्याम शरण में

छाये जो जीवन में अँधेरा श्याम उजाला करते हैं
अपने भक्तों के जीवन में श्याम ही खुशियां भरते हैं
राजन को है विश्वास, यहाँ टूटे ना आस
तुझे गिरने ना देगा आके लेगा ये संभाल
आजा शरण में, तू आजा श्याम शरण में
तू आजा श्याम शरण में, तू आजा श्याम शरण में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-rajan-das/